## खण्ड—A / SECTION—A

1. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग *150* शब्दों में टिप्पणी लिखिए :

Write notes on the following in about *150* words each : 10×5=50

*(a)* स्वास्थ्य, एक सांस्कृतिक संकल्पना के रूप में

Health as a cultural construct

*(b)* कैनालाइज़ेशन और पूर्ति वृद्धि

Canalization and catch-up growth

*(c)* मौखिक साहित्य के रूप में मिथक

Myth as oral literature

*(d)* आनुवंशिक बहुरूपता और प्राकृतिक चयन

Genetic polymorphism and natural selection

*(e)* जातीय पुरातत्त्व और शास्त्रीय पुरातत्त्व

Ethnoarchaeology and classical archaeology

2. *(a)* सोमैटोटाइप का क्या अर्थ है? हीथ-कार्टर मानवमितीय (ऐन्थ्रोपोमेट्रिक) विधि पर चर्चा कीजिए और इसके शेल्डन की विधि की तुलना में लाभ बताइए। खेल विज्ञान में सोमैटोटाइपिंग का प्रयोग कैसे किया जा सकता है?

What is meant by a somatotype? Discuss the Heath-Carter anthropometric method, giving its advantages over that of Sheldon's method. How can somatotyping be applied in sports sciences? 20

*(b)* धार्मिक मान्यताएँ लोगों को अपने पर्यावरण के अनुकूल ढलने के लिए सांस्कृतिक तंत्र विकसित करने में किस प्रकार सहायता करती हैं? उपयुक्त उदाहरणों के साथ विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए।

How do religious beliefs help people to devise cultural mechanisms to adapt to their environment? Discuss in detail with appropriate examples. 15

*(c)* संरचनावाद का सिद्धांत जाति और लिंग की अवधारणाओं को समझने में किस प्रकार सहायक है?

How is the theory of structuralism helpful in understanding the concepts of caste and gender? 15

3. *(a)* बदलते राजनीतिक संगठनों के साथ शक्ति, सत्ता, वैधता और सामाजिक नियंत्रण की अवधारणाएँ किस प्रकार बदलती हैं? उपयुक्त उदाहरणों की सहायता से विस्तारपूर्वक चर्चा कीजिए।

How do the concepts of power, authority, legitimacy and social control change with changing political organization? Discuss in detail giving suitable examples. 20

Vaids ICS - Mains 2020 Anthropology Paper 1

(b) मानव विकास जैविक और सांस्कृतिक दोनों कारकों का परिणाम है। विस्तार से बताइए।

Human evolution is a product of both biological and cultural factors. Elaborate. 15

(c) उपकरणों के तकनीकी प्रकारों/प्रारूपों पर प्रकाश डालते हुए हिमालयी और उप-हिमालयी क्षेत्रों के आस-पास के पुरापाषाणकालीन स्थलों के वितरण का विवरण दीजिए।

Give the distribution of Palaeolithic sites around the Himalayan and Sub-Himalayan areas, highlighting the typo-technologies of the tools. 15

4. (a) पैरांथ्रोपस की वंशानुगत स्थिति, विशिष्ट विशेषताएँ, भौगोलिक वितरण और जीवनशैली पर चर्चा कीजिए।

Discuss the phylogenetic status, characteristic features, geographical distribution and lifeways of *Paranthropus*. 20

(b) मानव समाजों में नातेदारी व्यवस्थाओं के विकास के आधार के रूप में 'अगम्यगमन निषेध' पर चर्चा कीजिए।

Discuss 'incest taboo' as the basis of development of kinship systems in human societies. 15

(c) संख्यात्मक गुणसूत्र विपथन आटोसोम और सेक्स गुणसूत्र दोनों में असमानताओं के कारण हो सकते हैं। मानव शरीर पर इनके प्रभावों के संदर्भ में उपयुक्त उदाहरणों के साथ विस्तार से बताइए।

Numerical chromosomal aberrations can be due to abnormalities in autosomes as well as sex chromosomes. Elaborate in terms of the effects these have on human body, giving suitable examples. 15

## खण्ड—B / SECTION—B

5. निम्नलिखित प्रत्येक पर लगभग 150 शब्दों में टिप्पणी लिखिए :

Write notes on the following in about 150 words each : 10×5=50

(a) मानवशास्त्रीय क्षेत्र-कार्य में नैतिकता

Ethics in anthropological fieldwork

(b) नाभिकीय और माइटोकॉन्ड्रियल डी० एन० ए० की विशिष्ट विशेषताएँ

Distinguishing features of nuclear and mitochondrial DNA

(c) नारीवादी आन्दोलन और परिवार

Feminist movement and family

(d) एर्गोनॉमिक्स में मानवमिति

Anthropometry in ergonomics

(e) थर्मोल्यूमिनेसेंस तिथि-निर्धारण विधि

Thermoluminescence dating method



Vaids ICS- Mains 2020 Anthropology Paper 1

6. (a) आप यह कैसे पता लगाएँगे कि कोई विशेष रोग/विकार वंशानुगत है और यदि हाँ, तो किस प्रकार से वंशानुगत है? उपयुक्त उदाहरणों के साथ विस्तार से बताइए।

How would you find out that a particular disease/disorder is inherited and, if so, in which manner? Elaborate with suitable examples. 20

(b) लेस्ली व्हाइट के सिद्धांत के आलोक में आलोचनात्मक चर्चा कीजिए कि संस्कृति किस प्रकार मानवीय व्यवहार को निर्धारित करती है।

Critically discuss how culture determines human behaviour in the light of Leslie White's theory. 15

(c) स्ट्रेप्सिराइनी प्राइमेट क्या हैं? उनके भौगोलिक वितरण का वर्णन कीजिए और उन विशेषताओं का उल्लेख कीजिए, जो उन्हें हैप्लोराइनी प्राइमेट से अलग करती हैं।

What are Strepsirhini Primates? Describe their geographical distribution and mention the characteristics that distinguish them from Haplorhini Primates. 15

7. (a) मानवशास्त्रीय अनुसंधान में मिश्रित विधि दृष्टिकोण पर चर्चा कीजिए।

Discuss the mixed method approach in anthropological research. 20

(b) प्रजनन शक्ति और मृत्यु-संख्या से आपका क्या तात्पर्य है? जैविक और सामाजिक-पारिस्थितिक कारक इन्हें किस प्रकार प्रभावित करते हैं?

What do you understand by fertility and mortality? How are these influenced by biological and socio-ecological factors? 15

(c) यूरोप की मैग्डेलेनियन सांस्कृतिक परंपरा की विशिष्ट विशेषताओं, कालक्रम, भौगोलिक वितरण, उपकरणों के प्रकार और जीवनशैली पर एक विस्तृत टिप्पणी लिखिए।

Write a detailed note on the characteristic features, chronology, geographical distribution, tool types and lifeways of Magdalenian cultural tradition of Europe. 15

8. (a) एडमंड लीच के संरचनावाद की तुलना क्लिफोर्ड गीर्ट्ज़ के व्याख्यात्मक मानवशास्त्र से कीजिए।

Compare Edmund Leach's structuralism with interpretive anthropology of Clifford Geertz. 20

(b) हमारी सेरोजेनेटिक्स और साइटोजेनेटिक्स की समझ प्रजनन जीवविज्ञान में किस प्रकार उपयोगी है? प्रजनन टेक्नोलॉजी से जुड़े मुख्य नैतिक मुद्दे कौन-से हैं?

In what manner is our understanding of serogenetics and cytogenetics useful in reproductive biology? What are the major ethical issues involved in reproductive technology? 15

(c) उपयुक्त उदाहरणों के साथ चर्चा कीजिए कि किस प्रकार व्यक्तित्व के मूल प्रकार राष्ट्रीय चरित्र के निर्माण में सहायक हो सकते हैं।

Discuss, with appropriate examples, how basic personality types may lead towards building up of national character. 15

★★★

Vaids IAS Mains 2026 Anthropology Paper 1